

**एक नजर में**

### ब्राह्मण समाज की महिलाओं ने मनाई मंगला गौरी पंचमी

**गुना।** सावन मास के पावन अवसर पर ब्राह्मण समाज की महिलाओं द्वारा मंगला गौरी पंचमी का पर्व श्रद्धा, उल्लास और धार्मिक भावनाओं के साथ मनाया गया। इस विशेष आयोजन में भजन-कीर्तन, नृत्य और पूजन अर्चना के साथ शिव-पार्वती के रूप में सजे नन्हे बच्चों का स्वागत कर उन्हें पूजा गया। कार्यक्रम में महिलाओं ने पारंपरिक रीति से मां गौरी की आराधना की। भजनों की मधुर स्वर लहरियों और उत्साही नृत्य से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। विशेष रूप से शिवलिंग निर्माण, बेलपत्र अर्पण, जलाभिषेक, स्नान-व्रत आदि पुण्य कार्यों को सावन मास में महत्वपूर्ण बताते हुए इन धार्मिक परंपराओं को आगे बढ़ाने का संकल्प भी लिया।

### ऑटो चालक और नाविक की सतर्कता से बची महिला की जान

**गुना।** जिले के धरनावदा थाना क्षेत्र में एक महिला द्वारा गोपीकृष्ण सागर डैम में कूदकर आत्महत्या करने का प्रयास किया गया, लेकिन समय पर हुई मानवीय सतर्कता और पुलिस की तत्परता ने उसकी जान बचा ली। यह घटना गत दिवस सामने आई, जब गुना शहर से एक 25 वर्षीय महिला ऑटो में सवार होकर डैम के पास पहुंची। ऑटो चालक सोनू जाटव, निवासी केंट, गुना को तब संदेह हुआ जब महिला ने किराए के बदले अपने सोने के टॉप्स उसे सौंप दिए। इस पर चालक ने टॉप्स लौटा दिए और महिला का पीछा किया। जैसे ही महिला डैम में कूदने का प्रयास करने लगी, सोनू ने उसे रोकने की कोशिश की, लेकिन महिला के शोर मचाने पर आसपास के लोग भी मौके पर एकत्र हो गए।

# मुख्यमंत्री के संभावित दौरे को लेकर तैयारियां शुरू

## विधायक प्रियंका पेची की अध्यक्षता में बैठक, सभी विभागों को सौंपे गए दायित्व



नवभारत न्यूज

**गुना 16 जुलाई का। जिले के चंचौड़ा विधानसभा अंतर्गत बीनागंज में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संभावित आगमन को लेकर तैयारियों का दौर तेज हो गया है। इसी क्रम में कृषि उपज मंडी कार्यालय, बीनागंज में चांचौड़ा विधायक प्रियंका पेंची की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया।**

बैठक में मुख्यमंत्री के आगमन की संभावित रूपरेखा तय करते हुए कार्यक्रम को भव्य और सुव्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से सभी विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। विधायक प्रियंका पेची ने बैठक के दौरान कहा कि मुख्यमंत्री का यह दौरा जिले के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, अत: सभी विभागों को सौंपे गए दायित्वों का समयसीमा में गंभीरता से पालन किया जाना चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि जिले की नगरीय निकायों और ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाए ताकि अधिकाधिक लोग मुख्यमंत्री की जनसभा में सहभागी बन सकें। इसके साथ ही कार्यक्रम स्थल की समस्त व्यवस्थाएं जैसे कि पेयजल, विद्युत, मंच, चिकित्सा, पौधरोपण, स्वच्छता, परिवहन और हितग्राहियों की बैठने की समुचित व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए।

बैठक में हेलीपेड स्थल, सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग स्थान और ट्रैफिक संचालन की तैयारी पर भी चर्चा हुई। कार्यक्रम में पहुंचने वाले संभावित वीआईपी वाहनों के लिए पार्किंग की समुचित व्यवस्था और यातायात की निर्बाध सुविधा सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। साथ ही जिन विभागों के निर्माण एवं विकास कार्यों का लोकार्पण या शिलान्यास प्रस्तावित है, उन्हें समयसीमा में पूर्ण कराने के निर्देश भी बैठक में दिए गए। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं का लाभ वितरित किया जाएगा, इसके लिए विभागीय स्तर पर हितलाभ सूची और सामग्री की पूर्व तैयारी करने को कहा गया। बैठक के उपरांत विधायक पेची ने हेलीपेड स्थल का निरीक्षण भी किया और वहां की सुरक्षा तथा व्यवस्थाओं को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल, पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक दुबे सहित चांचौड़ा विकासखंड के अधिकारीगण मौजूद रहे। सभी विभागों को कार्यक्रम की सफलता के लिए सजग और तत्परता से कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं।



## श्रद्धांजलि सभा में दी गई स्व. वीरेंद्र टांटिया को भावभीनी श्रद्धांजलि

नवभारत न्यूज

**गुना।** सेवा भारती परिवार द्वारा सेवा भारती अन्नपूर्णा भोजनालय परिसर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। यह सभा सेवा भारती के सक्रिय सदस्य श्री विकास टांटिया के पिताजी स्व. वीरेंद्र टांटिया के दुखद निधन पर आयोजित की गई। सभा की शुरुआत में स्व. टांटिया जी की आत्मा की शांति हेतु दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर सेवा भारती के जिला सचिव अखिलेश विजयवर्गीय द्वारा ईश्वर से प्रार्थना की कि वे पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें एवं परिवार को यह अपार दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

सभा में सेवा भारती के जिला अध्यक्ष डॉ. रामवीर सिंह रघुवंशी ने स्व. वीरेंद्र टांटिया जी के प्रेरणादायी जीवन और उनके पुण्य कार्यों को स्मरण करते हुए बताया कि वे जीवित रहते ही नेत्रदान कर गए थे, जिससे दो व्यक्तियों को दृष्टि प्राप्त हुई। यह कार्य समाज के लिए एक अनुकरणीय प्रेरणा है। इस अवसर पर विजय श्रीवास्तव, सुनील पांडेय, आरोग्य भारती के अध्यक्ष डॉ. पुरुषोत्तम बुनकर, सेवा भारती के विभाग समन्वयक प्रमोद यादव, अन्नपूर्णा भोजनालय अध्यक्ष काशीराम उरैया, सचिव राजेश चौहान, नरेंद्र सेंगर, डॉ. एम. एल. मंगल, डॉ. आरबी शर्मा, भंवरलाल पंत, संतोष गुप्ता, फणींद्र चक्रवर्ती, सुनील कुमार भार्गव, रामबाबू कश्यप, श्री प्रताप सिंह परिहार सहित सेवा भारती के अनेक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभा में सभी ने स्व. टांटिया जी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके महान कार्यों से प्रेरणा लेने को कहा।

## कलेक्टर द्वारा मैराथन धावक एवं बास्केटबॉल खिलाड़ियों को दी बधाई



**गुना।** मप्र के पचमढी में आयोजित मानसून मैराथन दौड़ में गुना जिले से सेजल खटीक ने 5 किमी मैराथन दौड़ में तीसरा स्थान प्राप्त किया। जिसमें पूरे देश से 800 धावक सम्मिलित हुये थे। वहीं मालती केवट ने 42 कि0मी0 में भाग लेकर चौथा स्थान प्राप्त किया जिसमें पूरे देश से 120 धावकों ने भाग लिया था जिसमें 60 बालिका धावक थी। शर्मिला डाबर संभागीय खेल और युवा कल्याण अधिकारी गुना ने बताया कि मप्र बास्केटवॉल ऐसोसिएशन द्वारा आयोजित जूनियर बास्केटवॉल प्रतियोगिता महिला एवं पुरूष वर्ग में जिला बास्केटवॉल संघ की टीम की ओर से खेल और युवा कल्याण विभाग के संजय गांधी खेल परिसर में संचालित बास्केटवॉल मैदान से हर्षिका ओझा, मोना जाट एवं मंयक यादव द्वारा आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर में आयोजित प्रतियोगिता में भाग लिया। जिले के मैराथन धावकों एवं बास्केटवॉल खिलाडियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन करने पर कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल एवं एएसपी मानसिंह ठाकुर द्वारा खिलाडियों को बधाई दी एवं भविष्य में होने वाली प्रतियोगिताओं में जिले का नाम राज्य एव राष्ट्रीय स्तर पर रोशन करने हेतु अपनी शुभकामनाऐं दी।

## टेबल टेनिस कक्ष का शुभारंभ, छात्रा हिमांशी का सम्मान



**गुना।** रोटरी क्लब गुना रॉयल द्वारा दृष्टिबाधित बच्चों की शिक्षा और विकास को समर्पित 'साई दृष्टि' सेवा प्रकल्प में रविवार को एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में रोटरी इंटरनेशनल 3053 की प्रांतपाल डॉ. निशा शेखावत ने मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता की। उन्होंने विद्यालय का अवलोकन करते हुए बच्चों को दी जा रही शिक्षा, प्रशिक्षण और आत्म निर्भरता के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह प्रकल्प समाज में सेवा और संवेदनशीलता का उदाहरण है। कार्यक्रम के दौरान दृष्टिबाधित बच्चों के शिक्षक श्री किशोर फंडविस 'गुरुजी' को समर्पित सेवा के लिए सम्मानित किया गया। साथ ही विद्यालय परिसर में बनाए गए टेबल टेनिस कक्ष का विधिवत शुभारंभ डॉ. निशा शेखावत के करकमलों से हुआ। यह खेल कक्ष रोटेरियन संदीप जैन कैची वीडी एवं रोटेरियन महावीर जैन के सौजन्य से निर्मित हुआ है, जो बच्चों के मानसिक व शारीरिक विकास में सहायक सिद्ध होगा। रोटरी क्लब ने इस अवसर पर परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। कार्यक्रम का एक भावुक क्षण तब आया जब बीएएलएलबी की पढ़ाई के लिए भोपाल जा रही दृष्टिबाधित छात्रा हिमांशी का विशेष सम्मान किया गया। यह सम्मान उसकी हिम्मत, लगन और प्रेरणा को समर्पित रहा। क्लब अध्यक्ष एडवोकेट सौरभ जैन ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए क्लब की सेवाभावना पर प्रकाश डाला।

## राष्ट्रवादी संघ की कावड़ यात्रा 21 को

**गुना।** भगवान शिव की आराधना व पूजा-अर्चना के विशेष माह सावन में धार्मिक यात्राओं एवं कावड़ यात्राओं का क्रम लगातार जारी है। इसी क्रम में सावन महीने के दूसरे सोमवार 21 जुलाई को राष्ट्रवादी संघ द्वारा लगातार तीसरे वर्ष कावड़ यात्रा निकाली जा रही है। संगठन के अध्यक्ष मनोज सिंह राठौड़ ने बताया कि राष्ट्रवादी संघ सामाजिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यों में अपनी सहभागिता निभाता आ रहा है,इसी क्रम में प्रतिवर्ष अनुसार शहर में 21 जुलाई को कांवड़ यात्रा निकाली जा रही है।

## विश्व प्लास्टिक मुक्त दिवस पर महाविद्यालय में जागरुकता कार्यक्रम



**गुना।** शासकीय कस्तरबा कन्या महाविद्यालय में विश्व प्लास्टिक मुक्त दिवस के अवसर पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को प्लास्टिक प्रदूषण के प्रति सजग करना और उन्हें पर्यावरण के प्रति अनुकूल व्यवहार अपनाने हेतु प्रेरित करना था। कार्यक्रम की शुरुआत में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. विनीता जैन द्वारा सभी उपस्थित छात्राओं, शिक्षकों व स्टाफ को प्लास्टिक मुक्त भारत की शपथ दिलाई गई। शपथ के माध्यम से सभी ने सिंगल यूज़ प्लास्टिक का उपयोग न करने और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रीति यादव, पूनम पारीक, कीर्ति सोनी, श्रीमती सोनू सिसोदिया एवं प्रशांत आर्य भी उपस्थित रहे और सभी ने कार्यक्रम की सफलता में सक्रिय भूमिका निभाई। प्राचार्या डॉ. जैन ने अपने संदेश में कहा, पर्यावरण संरक्षण के लिए प्लास्टिक पर नियंत्रण बेहद आवश्यक है। हमें अपने व्यवहार में छोटे-छोटे परिवर्तन लाकर बड़ा प्रभाव उत्पन्न करना होगा।

## साइकिल यात्रा : गुना से वैष्णो देवी तक 1800 किमी का सफर



**गुना।** सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार और जागरण के उद्देश्य से शहर से एक विशेष साइकिल यात्रा बुधवार को रवाना हुई। यह यात्रा पठार मोहल्ला स्थित हनुमंता मंदिर से प्रारंभ होकर जम्मू-कश्मीर स्थित मां वैष्णो देवी और हिमाचल प्रदेश के ज्वाला देवी धाम तक पहुंचेगी। यात्रा में सात श्रद्धालु शामिल हैं, जो 1700 से 1800 किलोमीटर की दूरी साइकिल से तय करेंगे। यात्रा में शामिल बलराम पटवा निवासी चौधरी मोहल्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि यह उनका लगातार पाँचवां वर्ष है जब वे सनातन धर्म के लिए ऐसी लंबी दूरी की साइकिल यात्रा कर रहे हैं। श्री पटवा ने कहा कि इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य उन लोगों को धर्म के मार्ग पर वापस लाना है, जो किसी कारणवश सनातन संस्कृति और परंपराओं से दूर हो गए हैं। उन्होंने बताया कि धर्म जागरण के इस अभियान के माध्यम से समाज में धार्मिक चेतना और मूल्यों की पुनर्स्थापना का प्रयास किया जा रहा है। यात्रा के प्रारंभ में स्थानीय नागरिकों द्वारा जुलूस के रूप में श्रद्धालुओं को मंदिर परिसर से मां वैष्णो देवी के लिए ससम्मान रवाना किया गया। धार्मिक जयकारों और उत्साहपूर्ण वातावरण में श्रद्धालुओं को आशीर्वाद देते हुए विदाई दी गई। इस अवसर पर स्थानीय श्रद्धालुओं ने फूलों की वर्षा कर उनका अभिनंदन किया। सात सदस्यीय यह दल प्रतिदिन लगभग 125 से 130 किलोमीटर की दूरी तय करेगा और अगले 10 से 12 दिनों में मां वैष्णो देवी व ज्वाला देवी धाम पहुंचेगा।

## गुरुवार को यहां रहेगी बिजली गुल

**गुना।** मेंटीनेंस के चलते गुरुवार को शहर के विभिन्न हिस्सों में बिजली गुल रहेगी। प्रबंधक कैन्ट विद्युत वितरण कंपनी लिमि. द्वारा दी गई जानकारी अनुसार 33/11 केव्ही नानाखेड़ी सब स्टेशन पर मेंटनेंस कार्य होने से 17 जुलाई 25 को प्रात: 11 बजे से दोपहर 2 तक विद्युत प्रवाह बाधित रहेगा। जिससे गोपालपुरा, एमपी नगर, नानाखेडी, यादव रॉयल सिटी, पेंशनर मोहल्ला, ऊमरी हाउस, पुलिस कंट्रोल रूम, वृद्धाश्रम, भगतसिंह कॉलोनी, सामरसिंगा होटल, सिद्धिविनायक हॉस्पिटल, गांधीनगर, पोल्ट्री फार्म नया ओद्यौगिक क्षेत्र आदि का विद्युत प्रवाह बाधित रहेगा। उक्त विद्युत कटोती समय को घटाया अथवा बढाया जा सकता हैं।

## मृगवास क्षेत्र में पुरानी रंजिश को लेकर जमकर मारपीट



नवभारत न्यूज

**गुना। जिले के मृगवास थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गुर्जरखेड़ी का पुरा में रंजिश को लेकर दो पक्षों में जमकर विवाद और मारपीट हो गई। इस हमले में एक 80 वर्षीय बुजुर्ग सहित परिवार के छह सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिन्हें पहले कुंभराज अस्पताल ले जाया गया और बाद में हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल गुना रेफर किया गया है।**

पुलिस ने घायलों की शिकायत पर सात नामजद आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी कमल उर्फ सीताराम लोधा निवासी गुर्जरखेड़ी का पुरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि गत शाम करीब 6 बजे उसके दादा जमनालाल लोधा घर के बाहर चद्दर के नीचे सो रहे थे और वह भी वहीं खड़ा था। इस दौरान गांव के जितेन्द्र अहिरवार और करण सिंह अहिरवार बाइक लेकर आए और गाय के पास हार्न बजाने लगे। जब बुजुर्ग जमनालाल ने हार्न बजाने से मना किया तो जितेन्द्र ने उन्हें गालियां देना शुरू कर दिया। विरोध करने पर जितेन्द्र ने फरियादी सीताराम पर लाठी से हमला कर दिया, जिससे उसकी पीठ में चोट आई।

घटना यहीं नहीं थमी, बल्कि कुछ ही देर में घनश्याम अहिरवार, प्रेमनारायण अहिरवार और विनोद अहिरवार हाथों में लाठी-फर्सी लेकर मौके पर पहुंच गए और गालियां देते हुए हमला कर दिया। घनश्याम ने फर्सी से सीताराम के दादा जमनालाल के सिर पर वार कर दिया जिससे वह लहूलुहान हो गए। इसके बाद फर्सी का दूसरा वार उनके बाएं हाथ की कलाई पर किया गया।

बचाव करने आए परिजनों मां दोलीबाई, पिता अर्जुन सिंह और भाई चंदन सिंह पर भी लाठियों से हमला किया गया, जिससे वे सभी घायल हो गए। घटना के दौरान मौके पर बृजमोहन लोधा और दुर्गालाल लोधा पहुंचे, जिन्होंने बीच-बचाव कर स्थिति को संभाला।


परिजन घायलों को पहले कुंभराज अस्पताल लेकर गए, जहां से गंभीर रूप से घायल बुजुर्ग समेत तीन लोगों को जिला अस्पताल गुना रेफर कर दिया गया। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपियों जितेन्द्र, करण, घनश्याम, प्रेमनारायण, विनोद अहिरवार सहित अन्य के खिलाफ अक्र 16/25 धारा 296, 115(2), 351(3), 3(5) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी है। फिलहाल सभी घायल जिला अस्पताल गुना में उपचाररत हैं।


### नाम परिवर्तन सूचना

मैं राजेश सोनी पिता गेंदालाल सोनी (RAJESH SONI S/O GENDALAL SONI) निवासी 00 साहू धर्मशाला के सामने, दुर्गा कॉलोनी गुना मप्र 473001 का निवासी हूं। मेरे समस्त दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, पेन कार्ड, वोटर कार्ड, बैंक पासबुक सहित अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम राजेश सोनी पिता गेंदालाल सोनी (RAJESH SONI S/O GENDALAL SONI) है। जबकि मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम राजेश कुमार सोनी पिता गेंदालाल सोनी (RAJESH KUMAR SONI S/O GENDALAL SONI) है, जो कि गलत है। अत: मेरे पासपोर्ट में राजेश साहू पिता गेंदालाल सोनी (RAJESH SONI S/O GENDALAL SONI) दर्ज किया जाए।


**धर्म का महाकुंभ** — जय-जयकारों से गूंज उठा कार्यक्रम स्थल, निर्यापक मुनिश्री योग सागरजी ससंघ 12 मुनिराज करेंगे धर्म साधना

# विधि-विधान के साथ हुई चातुर्मास मंगल कलशों की स्थापना



नवभारत न्यूज

**गुना। धर्म, भक्ति और आस्था से ओतप्रोत वातावरण में गुना शहर ऐतिहासिक क्षणों का साक्षी बना जब आचार्यश्री विद्यासागरजी एवं वर्तमान आचार्य प्रवर समय सागरजी महाराज के सगे गृहस्थ जीवन के सगे भाई निर्यापक मुनिश्री योग सागरजी महाराज ससंघ 12 मुनिराजों के चातुर्मास के लिए मंगल कलशों की स्थापना विधि-विधान, मंत्रोच्चारण और श्रद्धा के साथ की गई।**

चातुर्मास के इस शुभारंभ अवसर पर नगर के विभिन्न धार्मिक, सामाजिक संगठनों और दूर-दराज से आए हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसने पूरे शहर को आध्यात्मिक रंग में रंग दिया। इस मौके पर मंगलवार दोपहर 1:30 बजे चौधरी मोहल्ला स्थित संत निवासी से आरंभ हुई यह भव्य शोभायात्रा पंडाजी चौराहा, बताशा गली, नीचला बाजार, सदर बाजार, जयस्तंभ चौराहा, बीजी रोड से होकर ऋषभायतन नसियांजी पहुंची। कार्यक्रम में मुनिसंघ के दर्शनार्थ गुना सहित अंचलभर और देशभर से जनसमूह उमड़ पड़ा। इस दौरान कार्यक्रम स्थाल पर जय-जयकारों की गूंज ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। ऋषभायतन पहुंचने के पश्चात विधिवत मंगलाचरण के साथ चातुर्मास कलश स्थापना का अनुष्ठान प्रारंभ हुआ। प्रबंधकारिणी समिति, सेवाभावी संगठनों, महिला मंडलों, पाठशाला परिवारों सहित देशभर से आए श्रद्धालुओं ने श्रीफल अर्पित कर मुनिसंघ से गुना में चातुर्मास करने का निवेदन किया। इस अवसर पर संगीत की मधुर धुनों के बीच आचार्यश्री की पूजन अष्टद्रव्य से सम्पन्न हुई, जिसमें अतिथियों ने विशेष सहभागिता निभाई। कार्यक्रम के दौरान मुनिराजों के गृहस्थ जीवन के परिजनों का मंच पर शॉल, श्रीफल एवं माला पहनाकर सम्मान किया गया, जिसे जनसमूह ने भावविभोर होकर देखा। मंच संचालन विनय भैयाजी बंडा एवं मनोज लल्लन भैया जबलपुर ने किया। उन्होंने मंगल कलशों के महत्व का विस्तार से वर्णन करते हुए महापुण्यार्जकों का चयन भी किया।

### चातुर्मास में चार माह तक गुना रहेंगे 12 मुनिराज

यह उल्लेखनीय है कि आचार्यश्री समय सागरजी महाराज के आशीर्वाद से गुना में इस वर्ष का चातुर्मास निर्यापक मुनिश्री योग सागरजी महाराज का ससंघ संपन्न होगा। उनके साथ मुनिश्री नीरोग सागरजी, निर्मोह सागरजी, निरामय सागरजी, निर्भीक सागरजी, ऐलकगण सुधार सागरजी, चैत्य सागरजी, अपार सागरजी, तन्मय सागरजी, आगत सागरजी, भास्वत सागरजी एवं स्वस्तिक सागरजी महाराज की सुसंघ उपस्थिति रहेगी। ये सभी 12 मुनिराज-ऐलक आगामी चार माह तक गुना नगर में निवास कर चातुर्मास धर्म साधना, प्रवचन, तप और उपदेशों के माध्यम से श्रद्धालुओं को लाभान्वित करेंगे। गुना नगर के लिए यह चातुर्मास एक गौरवपूर्ण और पुण्यदायक अवसर माना जा रहा है, जिसमें प्रतिदिन धर्ममय आयोजन, प्रवचन, ध्यान साधना एवं स्वाध्याय से समूचा नगर अध्यात्म की रोशनी में प्रकाशित होगा।



### प्रमुख कलशों की हुई स्थापना

इस विशेष अवसर पर सात प्रमुख कलशों के साथ सैकड़ों की संख्या में छोटे-छोटे मंगल कलशों की स्थापना की गई। इनमें प्रथम पार्श्वनाथ कलश की स्थापना धारनावदा निवासी मनोजकुमार, निशा मयंक, शुभ्रा तुभ्यम, हिमांशी जैन परिवार ने की। द्वितीय कलश आचार्यश्री शांतिसागर कलश की स्थापना पवनकुमार, अमितकुमार, राहुलकुमार जैन आनंदपुर परिवार भोपाल ने की। आचार्यश्री वीरसागर कलश की स्थापना सपना राकेश कुमार, रोहनकुमार जैन चौधरी टैक्टर्स परिवार गुना द्वारा की गई। आचार्यश्री शिवसागर कलश डॉ. राजेशकुमार जैन दिवाकर पूर्व सिविल सर्जन द्वारा स्थापित किया गया। ज्ञानसागर कलश नीति-विनीत कुमार, विनोद अनुपम जैन भोपाल द्वारा तथा विद्यासागर कलश अजमेर राजस्थान के अजय जैन धनगसिया परिवार द्वारा स्थापित किया गया। समयसागर कलश की स्थापना बुधमल, सुगनचंद, अनिलकुमार, सुनीलकुमार, संजयकुमार जैन कामिनी ट्रेडर्स परिवार गुना ने की। इसके अलावा श्रद्धालुओं द्वारा विद्याप्रतिभापरोपकार कलश, वात्सल्य कलश, धर्म प्रभावना कलश सहित अन्य विविध नामों से सैकड़ों छोटे कलशों की भी स्थापना की गई, जिससे आयोजन का स्वरूप और अधिक भव्य बन गया।


### सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरी पक्षकार एयू स्माल फाइनेंस बैंक गुना द्वारा, JAGRAM LOK KALYAN SHIKSHA PRASAR EVAM SAMAJ SEWA SAMITI के हित में ऋण प्रदाय किये जाने हेतु दस्तावेज एकत्र किऐ जा रहे है, उक्त प्रक्रिया में भूमि प.ह.न. 61, सर्वे न0 243/2 क्षेत्रफल 0.15 हैक्ट. ग्राम खतौरा जिला शिवपुरी मे स्थित है। उक्त सम्पत्ति को विक्रेता 1. सोनू, 2. मोनू नावा. पुत्रगण हरिचरण द्वारा सरपरस्त पिता चरण उर्फ हरिचरण पुत्र श्री चुन्नीलाल कुशवाह द्वारा क्रेता अनुरोध कुमार पुत्र श्री कमलेश कुमार श्रीवास्तव को विक्रय पत्र कराया गया है। जिसका दस्तावेज क्र. 2604 ग्रंथ क्र. 2541 दिनांक 19/01/2012 हैं। विक्रय पत्र 2012 के समय सोनू की आयु 15 वर्ष एवं मोनू की आयु 12 वर्ष थी। जो कि वर्तमान में बालिक हैं। उक्त विक्रय पत्र या उक्त संव्यवहार से किसी भी व्यक्ति या किसी संस्था को कोई आपत्ति हो तो आज से सात दिवस के भीतर दस्तावेज सहित मुझ से सम्पर्क करें। समय सीमा पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**सूचना कर्ता-**
**शलभ पारीक, एड्वोकेट**
**31/248 आदर्श कॉलोनी गुना**
**फोन-9425746155**